रूठ गई गोरा ओ महारानी

रूठ गई गोरा ओ महारानी,
मनाए रहे भोला मानत नाही,
जो गोरा तुम भोजन ना दोगी,
भोजन ना दोगी गोरा भोजन ना दोगी,
धतूरा हम खाले ओ महारानी,
रूठ गई गोरा....

जो गोरा तुम जल नहीं दोगी,
जल नहीं दोगी गोरा जल नहीं दोगी,
भंगिया हम पी ले ओ महारानी,
रूठ गई गोरा...

जो गोरा तुम वीड़ा ना दोगी,
वीड़ा ना दोगी गोरा वीड़ा ना दोगी,
बेलपत्र हम चाबे ओ गोरा रानी,
रूठ गई गोरा....

जो गोरा तुम सेज ना बिछाओगी,
सेज ना बिछाओगी गोरा सेज ना बिछाओगी,
गंगा जी को बुला ले ओ गोरा रानी,
रूठ गई गोरा....

जो गोरा तुम संग ना चलोगी,
संग ना चलोगी गोरा संग ना चलोगी,
नंदी को हम बुला ले ओ महारानी,
रूठ गई गोरा....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26072/title/rooth-gayi-gaura-oh-maharani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |